पंजाब केसरी 13/01/2024

अखंड भारत की स्वायत्तता के लिए नवयुवकों की सहभागिता अनिवार्य : सैनी

राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में शामिल प्राचार्य डा. रोहित दत्त, मुख्य वक्ता सुभाष कलसाना एवं अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 12 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एन.एस.एस. की स्वामी विवेकानंद सैल के सौजन्य से इतिहास विभाग एवं वाई.आर.सी. द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य वक्ता समाज सुधारक सुभाष कलसाना ने कहा कि भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन हो रहा है। गौरव सैनी ने बताया कि अखंड भारत की स्वायत्तता के लिए नवयुवकों की सहभागिता अनिवार्य है। विदेशी धरती पर भी स्वामी विवेकानंद ने अपनी भारतीयता को बनाए रखा तथा अपनी परंपराओं एवं जड़ों से जुड़े रहे।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि विनम्रता एवं सादगी के पुंज स्वामी विवेकानंद का तेज और ओज हमारे युवाओं को ग्रहण करना चाहिए, जिनकी निर्भीकता से पूरा विश्व परिचित है।

स्वामी विवेकानंद सैल के नोडल अधिकारी डा. अनीश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र को विद्यार्थियों के समकक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए आरंभ से ही प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। मातृभूमि के प्रति उनका प्रेम, स्वदेशी वस्तुओं के प्रति उनका लगाव, मातृभाषा के प्रति उनकी भक्ति हर भारतीय युवा के लिए अनुकरणीय है।

डा. सरोज ने बताया कि भारत में आरंभ से ही चरित्र ही पूजित हुए हैं और स्वामी विवेकानंद उन महापुरुषों में से हैं जो हमारे हृदय मंदिर में सदैव पूज्य रहेंगे।

इस मौके पर डा. कुलदीप, डा. पुनिया, डा. रितु गुप्ता, डा. राजेंद्र देशवाल और प्रो. सुषमा आदि उपस्थित रहे।